हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस



सिनमिट कम्युनिकेशन के संस्थापक दलीप सिंधी और राजीव मित्तल का जादू दिखा आयोजन में 3

वर्ष : 12 अंक : 299 देहरादून, सोमवार, 27 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16

## मिस उत्तराखंड 2024 का ग्रैंड फिनाले संपन्न

# तान्या सिंह बनी मिस उत्तराखंड, फर्स्ट रनरअप शिवांगी रावत, सेकण्ड रनरअप हंशिका नेगी





**मौ.शादान सलीम/मनीष चंद्रा**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,26 मई। बीस साल से राजधानी देहरादून में आयोजित हो रहे मिस उत्तराखंड के आयोजन की मेजबानी कर रहे सिनमिट कम्युनिकेशन ..... की तारीफ आज हर कोई होटल हयात सेंट्रिक में करते हुए देखा गया। मिस उत्तराखंड प्रतियोगिता 2024 का ताज तान्या सिंह के नाम रहा, जब तान्या का नाम अनाउंस किया गया तब तालियों की गड़गड़ाहट से हाल गूंज उठा। तान्या सिंह ने न्यूज़ द्वारा से बात करते हुए कहा कि उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि उनका नाम मिस उत्तराखंड के लिए अनाउंस होगा। वहीं फर्स्ट रनरअप रही शिवांगी रावत ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि उनकी दोस्त आज मिस उत्तराखंड बन गई है। ऑर्गेनाइजर दिलीप सिंधी और राजीव मित्तल ने कहा कहा उन्हें खुशी होती है कि जब उनके प्रयास को बॉलीवुड और अन्य जगहों पर बॉलीवुड को प्रस्तुत करने का मौका मिलता है। इस मौके पर मॉडल की कैटवॉक सेशन क्वेश्चन सेशन के साथ में कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रात 12:00 तक चले इस प्रोग्राम में सभी दर्शक रिजल्ट और विनर का नाम सुनने के लिए मौजूद रहे।मिस उत्तराखंड की इस प्रतियोगिता में थर्ड काव्या सती और खुशी रही चौथे नंबर पर इन दोनों ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अपनी परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा था और जूरी ने जो भी निर्णय किया के लिए उनका आभार व्यक्त करती हैं।



संबंधित सामग्री पेज-3 पर देखें



# अनोखी लव स्टोरी : 100 साल का दूल्हा 102 साल की दुल्हन ने रचाई शादी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : प्यार में उम्र का कोई बंधन नहीं ! आप चाहें जवान हो या बुजुर्ग, प्यार तो बस हो जाता है. किससे हो रहा है, किस उम्र में हो रहा है, यह कुछ भी तब मायने नहीं रखता. अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया के मार्जोरी फिटर मैन और बर्नी लिटमैन ने एक बार फरि ये साबित कर दिखाया है.

102 साल की मार्जोरी फिटरमैन ने 100 साल के बर्नी लिटमैन के साथ शादी रचाई है और बेहद खुश हैं. आप जानकर हैरान होंगे कि दोनों 9 साल से एक दूसरे को डेट कर रहे थे. जब इन्होंने अपने परिवार को शादी करने के बारे में बताया, तो सब खुशी से झूम उठे. सबने मिलकर शानदार आयोजन किया।

ज्यूइश क्रॉनिकल की रिपोर्ट के अनुसार, लिटमैन की पोती सारा लिटमैन ने बताया कि जब उनके दादा ने शादी करने की इच्छा व्यक्त की तो परिवार आश्चर्यचकित था. लेकिन सब बेहद खुश थे. दादाजी चाहते थे कि शादी को कानूनी दर्जा दिया जाए, इसलिए उन्होंने 19 मई को शादी करने के बाद मैरेज रजिस्ट्रेशन भी कराया. हम वास्तव में खुश हैं कि हमारे दादाजी के साथ रहने के लिए कोई तो है. इस शादी के साथ वे सबसे उम्रदराज दूल्हा-दुल्हन बन गए हैं।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, सबसे उम्रदराज जोड़े की शादी का मौजूदा विश्व रिकॉर्ड ब्रिटेन के डोरेन और जॉर्ज किर्बी के नाम है, जिनकी 2015 में शादी हुई थी. उस वक्त दोनों की कुल उम्र 194 साल और 279 दिन थी. उस हिसाब से देखें तो मार्जोरी फिटर मैन और बर्नी लिटमैन 202 साल की उम्र में शादी की. सारा लिटमैन ने कहा, हमने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को इसे सबसे उम्रदराज शादी घोषित करने का प्रस्ताव भेजा है. हमें यकीन है कि हमारा प्रस्ताव स्वीकार किया जाएगा।

लिटमैन ने कहा, मैं पुराने तौर तरीकों को ज्यादा पसंद करता हूं. आप एक ही इमारत में रहते हैं. एक दूसरे से टकराते हैं और प्यार में पड़ जाते हैं. इस पर आपका कोई बस नहीं. इसलिए हमने आधुनिक डेटिंग ऐप्स के बजाय पारंपरिक रोमांस के प्रति अपने शौक को बरकरार रखा. हम साथ मिलते थे. खूब बातें करते थे. अच्छी अच्छी कहानियां शेयर करते थे. और कब प्यार हो गया, कब साथ रहने का फैसला कर लिया पता ही नहीं चला।



# लंबे नाखूनों का रिकॉर्ड है इस महिला के नाम, इसके पीछे है दर्द भरी कहानी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : अमेरिका के मिनेसोटा की डायना आर्मस्ट्रांग को महिलाओं के अब तक के सबसे लंबे नाखूनों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया. यदि उसके सभी 10 पंजों को एक कतार में रखा जाए तो उनकी कुल लंबाई 13 मीटर से अधिक मापी गई होगी. यह लंबाई तब की है जब उन्हें 2022 में यह सम्मान दिया गया था।

आर्मस्ट्रांग ने 1997 में अपने नाखून काटना बंद कर दिया. उसके पंजे अब आसानी से फर्श तक पहुंच जाते हैं और वह नियमित रूप से उन्हें अलग-अलग रंगों में रंगती है. गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज ने आर्मस्ट्रांग की कहानी साझा करते हुए लिखा, "डायना के नाखूनों की कुल लंबाई एक मानक पीली स्कूल बस से अधिक लंबी है ! डायना 27 वर्षों से अधिक समय से अपने नाखून बढ़ा रही है !

पहली बार रिकॉर्ड तोड़ने के तुरंत बाद आर्मस्ट्रांग ने सवाल का जवाब दिया. एक साक्षात्कार में, उन्होंने खुलासा किया, "ठीक है, आप जानते हैं, जब मैं बाथरूम में जाती हूं तो यह वैसा ही होगा जैसे कोई और व्यक्ति बाथरूम में जाता है, बस मैं अपने नाखूनों के साथ शायद एक अलग तरीके से काम करती हूं।

लोगों ने इस तरह के कई सवाल पूछे जिनमें सबसे अहम यही थी कि वे इनकी देखभाल कैसे करती हैं? नाखून लंबे क्यों किए, यह सवाल आर्मस्ट्रॉन्ग के लिए खास है. इस फैसले के पीछे एक दुखद कहानी है. एक दिन उन्होंने सुपरमार्केट जाते समय अपने बच्चों को जागने के लिए कहा था. लेकिन जब वो बाहर थीं, तो उनकी सबसे छोटी बेटी ने उन्हें फोन कर बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी लतीशा नहीं उठेगी. तब उन्हें पता चला कि उसका बच्ची अस्थमा के दौरे से नींद में ही मर गई थी।


आर्मस्ट्रांग बताती हैं कि वह उनके जीवन का सबसे बुरा दिन था. उसके नाखून हमेशा लंबे थे जिनकी देखभाल लतीशा हर हफ्ते बड़े प्यार से करती थी. आर्मस्ट्रांग अपनी बेटी की मृत्यु के बाद एक दशक तक अवसाद से पीड़ित रहीं. उन्होंने कहा कि अपने नाखून लंबे रखना उनकी बेटी का सम्मान करने और उसकी स्मृति को जीवित रखने का उनका तरीका था।






# यहां गायब हो गई सुबह ! रात के बाद सीधे हो रही दोपहर, उठते ही पगला रहे लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : भारत में गर्मी ने इस बार अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ने का इरादा बना लिया है. तापमान चालीस के नीचे आने का नाम नहीं ले रहा. अगर कहीं बूंदाबांदी हो गई तो उसके बाद उमस के कारण लोगों की हालत खराब हो जा रही है. इस बीच सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया गया, जिसमें किये गए दावे ने सबके होश ही उड़ा दिए।


वायरल हो रहे इस पोस्ट में कहा गया कि जयपुर से सुबह ही गायब हो गई है. जी हां, इस शहर से सुबह गायब हो गई है. अब रात के बाद सीधे दोपहर हो जा रही है. अगर आप इस बात का कुछ और मतलब समझ रहे हैं, तो जरा ठहरिये. दरअसल, इस शहर के बारे में ऐसा गर्मी के सितम के कारण कहा जा रहा है. दरअसल, यहां सुबह उठते ही तापमान इतना ज्यादा हो जाता है कि लगता है जैसे आप दोपहर के समय में हैं।

**गर्मी से परेशान हुए लोग**

जयपुर में तापमान 43 डिग्री तक जा पहुंचा है. अगर वेदर अपडेट पर यकीन करें तो आने वाले दो से तीन दिनों में यहां तापमान 47 डिग्री तक पहुंच जाएगा. लोग गर्मी से काफजी परेशान हो गए हैं. सुबह ही इतनी गर्मी होती है कि लोग वॉक पर भी जाने से पहले सौ बार सोचने के लिए मजबूर है. सुबह छह बजे से ही गर्मी बढ़ने लगती है. ऐसे में जो सात या आठ बजे सोकर उठते हैं, उन्हें तो सुबह की ठंडक की जगह दोपहर की गर्मी ही देखने को मिल रही है।

# टालमटोल की आदत आपको बना देगी कमजोर, रिसर्च

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : टालमटोल की आदत से लोगों के रिश्ते बिगड़ रहे हैं। नींद प्रभावित हो रही है। ऐसे लोग अकेला महसूस करते हैं। अवसाद का शिकार हो रहे हैं। स्टाकहोम सहित अन्य 8 यूनिवर्सिटी के छात्रों पर हुए एक शोध में हाल ही यह बातें सामने आई है। शोध के मुताबिक, यूनिवर्सिटी छात्रों के पास स्वतंत्रता बहुत है, लेकिन टालमटोल करने की आदत के चलते 50% छात्रों की शिक्षा प्रभावित होती है। यह आदत अक्सर एक अच्छे इंसान के व्यक्तित्व और उसके जिन्दगी की कामयाबियों को खत्म कर देती है।


एक अन्य शोध में सामने आया कि टालमटोल की आदत से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। जो लोग टालमटोल करते हैं उनमें उच्च स्तर का तनाव होने का जोखिम ज्यादा होता है। इससे आत्मविश्वास में भी कमी होती है।जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित इस अध्ययन के लिए 3,525 छात्रों में से 2,587 से नौ माह तक सवालों का उत्तर पूछा गया। इसके जवाब देते समय कई स्वास्थ्य संबंधी जांचे भी की गई। इस दौरान सामने आया कि टालमटोल करने वाले छात्रों के कंधे बाहों में दर्द, खराब नींद की गुणवत्ता, अधिक अकेलापन, और अधिक वित्तीय कठिनाइयों की अधिक संभावना रही। हालांकि अच्छी बात को सुधारा भी जा सकता है। दिनचर्या में छोटे बदलावों का भी बड़ा असर होता है। जैसे कुछ समय मोबाइल बंद कर अपने आप को समय देना। स्वयं के लिए समय निकालना। इसके पीछे की वजह तलाश करना कि आप टालमटोल क्यों कर रहे हैं।

# सिनमिट कम्युनिकेशन के संस्थापक दलीप सिंधी और राजीव मित्तल का जादू दिखा आयोजन में





दलीप सिंधी



राजीव मित्तल

## जेबीसीसी के फाउंडर मोहम्मद जावेद ने दिखाया मेकअप का हुनर





मोहम्मद जावेद, फाउंडर जेबीसीसी मेकअप






# उत्तराखंड : स्वास्थ्य विभाग को मिले 37 नर्सिंग अफसर, इन पहाड़ी जिलों में देंगे सेवा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 27 मई : 34 नर्सिंग अधिकारियों को नैनीताल हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के निर्णय के बाद और तीन नर्सिंग अधिकारियों को एनओसी समेत दस्तावेजों की पुष्टि के बाद नियुक्ति दी गई। वहीं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने सभी नर्सिंग अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।


प्रदेश के पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग को इन अधिकारियों की तैनाती के बाद मदद मिलेगी। इसके साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध होगा। 34 नर्सिंग अधिकारियों को नैनीताल हाईकोर्ट में दाखिल याचिका के निर्णय के बाद और तीन नर्सिंग अधिकारियों को एनओसी समेत अभिलेखों की पुष्टि के बाद तैनाती दी गई। इसके बाद अस्पतालों में मरीजों की देखभाल में मदद मिलेगी।

स्वास्थ्य विभाग ने इनकी नियुक्तियां इन जनपदों में की हैः इनमें चमोली में सात, रुद्रप्रयाग जिले में तीन पौड़ी जिले में आठ, टिहरी में एक, उत्तरकाशी में पांच, जबकि नैनीताल जिले में एक, अल्मोड़ा में दो, बागेश्वर में एक पिथौरागढ़ में सात और चंपावत में दो नर्सिंग अधिकारियों की तैनाती की गई है। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने सभी नर्सिंग अधिकारियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा जताई है कि सभी नर्सिंग अधिकारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में अपना अमूल्य योगदान देंगे।



# क्या AI खा जाएगा सबकी नौकरियां ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : क्या आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस वास्तव में जल्दी ही इंसानों की नौकरियां खाने लगेगी. यह सवाल नया नहीं है, लेकिन हाल ही में इसे पूछने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है. ऐसा चैट जीडीपी की बेमिसाल सफलता और हाल ही में गूगल के नए चैटबॉट जेमिनी के आने से लोगों की चिंताएं बढ़ी है. ऐसे में मंगल ग्रह पर जाने की तैयारी कर रहे स्पेस एक्स के मालिक एलन मस्क इस पर क्या कहते हैं यह तो सभी जानन चाहते हैं. हाल ही में मस्क के सामने यह सवाल आया.

उन्होंने प्रौद्योगिकी को अपना 'सबसे बड़ा डर' बताते हुए कहा है कि एआई के कारण भविष्य में 'शायद हममें से किसी के पास नौकरी नहीं होगी। टेक दिग्गज पेरिस में वीवोटेक बोल रहे थे. उन्होंने चेतावनी दी और कहा कि अगर एआई ने कार्यभार संभाल लिया तो 'जीवन का कोई मतलब होगा' या नहीं, इस बारे में वह निश्चित तौर पर कुछ नहीं कह सकते . मस्क ने कॉन्फ्रेंस में वीडियो कॉल के जरिए कहा, "अगर आप ऐसी नौकरी करना चाहते हैं जो एक शौक की तरह हो, तो आप नौकरी कर सकते हैं. नहीं तो एआई और रोबोट आपको कोई भी सामान और सेवाएं प्रदान करेंगे जो आप चाहते हैं।

स्पेस एक्स के सीईओ ने मंगल ग्रह पर उपनिवेश बनाने की योजना का उल्लेख किया और कहा कि उनकी 'सबसे बड़ी उम्मीद मंगल ग्रह है, मेरा सबसे बड़ा डर एआई है.' 52 वर्षीय मस्क ने यह भी सवाल किया कि क्या इंसान नौकरी और करियर के बिना जीवन से संतुष्ट होंगे। एआई विशेषज्ञ और नीतिशास्त्र नेल वाटसन ने कहा कि एआई की अब तक की तेजी से वृद्धि से संकेत मिलता है कि यह हमारी बुद्धिमत्ता के स्तर को पार कर सकता है. एक साल एक छोटी समय सीमा है, लेकिन याद रखें कि चैटजीपीटी की सफलता के केवल 15 महीने ही बीते हैं, जिसने एआई को सार्वजनिक चेतना में धकेल दिया।

# बेहद खास हेलमेट, शराब पीने के बाद स्टार्ट नहीं होगी बाइक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले अक्सर देखने सुनने को मिल ही जाते हैं. इस तरह के हादसों में बड़ी संख्या में लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं. रांची के स्कूल में बच्चों एक ऐसा हेलमेट तैयार किया है, जो इस तरह की घटना पर रोक लगा सकता है. इसके लिए बच्चों ने हेलमेट में एक स्पेशल चिप लगाया है. इसकी वजह से शराब पीकर बाइक चलाने वालों पर नकेल कसी जा सकेगी. सेंट जेवियर स्कूल के 4 बच्चों ने इस प्रोटोटाइप को तैयार किया है।

छात्रों ने सेंसर वाला एक हेलमेट का प्रोटोटाइप बनाया है. अगर प्रोटोटाइप को असल जिंदगी में विकसित कर लिया गया, तो ड्रिंक एंड ड्राइव पर लगाम लगेगी. हेलमेट में एक ऐसी चिप लगी है, जो बाइक राइडर के नशे में होने पर अलर्ट भेजेगी हेलमेट की भेजे अलर्ट की वजह से बाइक स्टार्ट ही नहीं होगी. छात्र आगे चलकर एक और चिप विकसित करना चाहते हैं, जिसकी वजह से हेलमेट ना होने या फिर अच्छे ना पहनने पर बाइक स्टार्ट न हो. ड्रिंक एंड ड्राइव से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सेंट जेवियर स्कूल के 6 वीं क्लास के चार बच्चों ने सेंसर वाले इस खास हेलमेट को तैयार किया है. हेलमेट में लगी चिप ना सिर्फ शराब के स्मेल को डिटेक्ट करती है, बल्कि बाइक को स्टार्ट होने से भी रुकेगी. बच्चे एक और ऐसी ही चिप। तैयार करना चाहते हैं, जिसकी वजह से बिना हेलमेट बाइक स्टार्ट नहीं होगी।

स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और टीचर ने बताया कि इस अनोखे हेलमेट का प्लान बच्चों ने तैयार किया था. उन्होंने सिर्फ उन्हें गाइड किया. उन्होंने कहा कि बच्चे गुणवान होते हैं. उन्हें सिर्फ दिशा देने की जरूरत होती है. मौजूदा समय में बच्चों के प्रैक्टिकल अप्रोच पर विशेष ध्यान देना चाहिए. ट्रैफिक सुरक्षा पर काम के लिए चर्चित ऋषभ आनंद ने बताया कि झारखंड में हर साल सड़क हादसों में करीब 3,500 लोगों की जान जाती है.

इसमें सबसे ज्यादा मौत ओवर स्पीड की वजह से होती है. सबसे ज्यादा बाइक राइडर्स जान गंवाते हैं. उन्होंने कहा कि बच्चों ने ड्रिंक एंड ड्राइव और बिना हेलमेट बाइक स्टार्ट न होने.का बेहतरीन तरीका ढूंढा है. जब ये सिस्टम पूरी तरह से डेवलप हो जाएगा। तो वह हेलमेट निर्माता कंपनियों से इन खूबियों को जोड़ने की पहल जरूर करेंगे.

## संक्षिप्त खबरें

### वीकेंड में स्नान पर्व जैसा नाराज देख हर कोई हैरान, लंबा जाम

हरिद्वार। इन दिनों चारधाम यात्रा चल रही है, पहले से ही यात्रियों का दबाव बना है। शनिवार-रविवार को वेस्ट यूपी, दिल्ली एनसीआर से भी बड़ी संख्या में लोग हरिद्वार और आसपास क्षेत्र में घूमने आते हैं। रविवार को हाईवे पर सुबह से वाहनों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई थी। गंगा आरती के समय हरकी पैड़ी यात्रियों से पूरी तरह पैक रहा। इधर, भारी वाहनों को नेपाली फार्म में रोकने के बाद भी हाईवे पर वाहन रेंग रेंग कर चलते दिखे। पंतद्वीप से लेकर ऋषिकुल तक करीब चार किलोमीटर तक वाहनों की सबसे अधिक भीड़ रही। इससे हाईवे पर जाम लग गया। दिल्ली रूट से सबसे अधिक वाहन आए।

### एसएसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

हरिद्वार। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने रविवार को बीएचईएल स्थित केंद्रीय विद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने को कहा। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की स्थिति जांची और हर संदिग्ध गतिविधी पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने स्ट्रांग रूम की मजबूत थ्री लेयर प्रोटेक्शन, निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, वॉच टावर, सुरक्षा गार्द की जानकारी ली। इस दौरान एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, एएसपी जितेंद्र मेहरा, इंस्पेक्टर रानीपुर विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

### सौभाग्यवती देवी की अस्थियां गंगा में हुई विसर्जित

हरिद्वार। भाजपा के बरेली सांसद संतोष गंगवार की पत्नी 72 वर्षीय सौभाग्यवती देवी का निधन शुक्रवार तड़के हुआ था। रविवार को संतोष गंगवार अपने पुत्र और अन्य परिजनों के साथ पत्नी की अस्थियों को लेकर हरिद्वार पहुंचे। इस दौरान विधि विधान के साथ पंडित शैलेश मोहन ने अस्थियों का विसर्जन गंगा में कराया। कुल पुरोहित मदन गोस्वामी और दिनेश गोस्वामी ने परिजनों की मौजूदगी में अस्थियों को गंगा में विसर्जित किया गया। श्रीगंगा सभा की ओर से सचिन और उज्ज्वल पंडित ने अस्थि कलश पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### कारोबारियों ने गंगा घाटों पर चलाया सफाई अभियान

हरिद्वार। रविवार को शहर व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महामंत्री विक्की तनेजा और गंगा सेवा दल के अध्यक्ष ओम प्रकाश विरमानी ने बताया कि गंगा घाटों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। छह वर्ष से संयुक्त टीम के सभी सदस्य घाटों पर सफाई अभियान चला रहे है। घाटों की स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। सफाई के बाद गंगा पूजन कर देश में खुशहाली, उन्नति की कामना की जाती है। दोनों संगठन समय समय पर गंगा घाटों पर पौधारोपण भी करते हैं। रविवार को आयोजित घाटों की सफाई अभियान के दौरान तरुण भाटिया, विनीत अरोड़ा, तुषार गाबा, आलोक अरोड़ाआदि मौजूद रहे।

### फर्जी रजिस्ट्रेशन कराने पर केस दर्ज

हरिद्वार। इंस्पेक्टर भावना कैंथोला के मुताबिक राजेंद्र नगर, ब्लॉक-ए गोला गोकरननाथ, जिला लखीमपुर खीरी निवासी प्रिंस कटियार ने मामले में शिकायत दी। बताया कि चारधाम यात्रा पर जाने के लिए वह सोशल मीडिया पर ऑनलाइन ट्रेवल एजेंसी की खोज कर रहे थे। एक मई को गूगल पर आर्यन टूर एंड ट्रेवल्स जमालपुर का नंबर मिला। एजेंसी के मालिक ने अपना नाम तुषार बताया। इसके बाद 16 लोगों के लिए 25 मई में चारधाम यात्रा का रजिस्ट्रेशन के लिए जानकारी ली तो उसने सभी सदस्यों के आधार कार्ड व्हाटसऐप पर मंगवा लिए। उसने पंजीकरण लैटर व्हाटसऐप पर भेज दिए, जो फर्जी थे।

### मुख्य सचिव को पत्र लिख कर बिजली कटौती बंद करने की मांग की

हरिद्वार। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने बताया कि उत्तरी हरिद्वार में ऊर्जा निगम सात से आठ घंटे तक बिजली की कटौती कर रहा है। दिन और रात को किसी भी समय बिना सूचना के बिजली की कटौती की जा रही है। बिजली गुल होने के कारण स्थानीय जनता, यात्री और व्यापारी परेशान हैं। आरोप है कि अधिकारियों के आश्वासन और जनता के विरोध के बाद भी बिजली कटौती का सिलसिला जारी है। व्यापार मंडल का कहना है कि रात के समय जिम्मेदार अधिकारी नदारद रहते है। ठेके पर रखे कर्मचारी रात को बिजली की व्यवस्था देखते है। ऊर्जा निगम के अधिकारी गंभीरता से कटौती की समस्या के निदान का कोई प्रयास नहीं करना चाहते।

### उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में मंथन

रुड़की। उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद की वार्षिक बैठक का आयोजन रविवार को मारवाड़ कन्या इंटर कॉलेज रुड़की में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने की और बैठक का संचालन परिषद के जिला मंत्री डॉ. दीपक शर्मा की ओर से किया गया। बैठक में परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज सैनी ने सर्वप्रथम पूर्व से निर्धारित बैठक के एजेंडा पर बोलते हुए कहा की प्रधानाचार्य परिषद जनपद हरिद्वार प्रत्येक वर्ष सेवानिवृत्त साथियों का सम्मान समारोह करती आ रही है जो की एक स्वस्थ परंपरा है यह बंद नहीं होनी चाहिए।

# देवभूमि में हुआ अनोखा विवाह, वट वृक्ष दूल्हा तो पीपल बनी दुल्हन, दिल्ली-मुंबई से आए बाराती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

बागेश्वर 27 मई : लड़का-लड़की की शादी तो सभी ने देखी होगी, लेकिन क्या आपने वृक्षों की शादी के बारे में सुना है ? दरअसल बागेश्वर जिले के अतंर्गत में पीपल और वट वृक्ष की अनोखी शादी कराई गई। यहाँ वट वृक्ष को दूल्हा बनाया गया जबकि पीपल वृक्ष को दुल्हन की तरह सजाया गया।

सदियों से उत्तराखंड देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध है, यहाँ खूबसूरत वादियों के साथ-साथ अनोखी संस्कृति और परंपराओं का संगम देखने को मिलता है। चार धाम – बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री – हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है, जहाँ हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। यही कारण है कि उत्तराखंड देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।




बीते दिनों जनपद बागेश्वर में एक अनोखी वर्षों पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित किया गया। जिसमें दफौट क्षेत्र के मयूं गांव में धूमधाम के साथ पीपल और वट वृक्ष की शादी कराई गई, इस अनोखे विवाह के लिए नैनीताल से आचार्य केसी सुयाल पहुंचे थे साथ ही इस विवाह के गवाह बने और शगुन आंखर गाए।

इस विवाह समारोह में नैनीताल, हल्द्वानी, दिल्ली और मुंबई के प्रवासी साक्षी बने तथा वट वृक्ष को दूल्हा बनाकर डोली में बैठाया और गांव के गोल्ज्यू मंदिर ले जाया गया, इसके बाद गाजे-बाजे और परंपरागत नृत्य के साथ गांव के सड़क मार्ग से होकर बारात गांव के हरज्यू सैम और देवी मंदिर के प्रांगण में पहुंची, जहां सभी वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए। मंदिर में ग्रामीणों ने पीपल वृक्ष को दुल्हन के रूप में सजाया था। वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विवाह की सभी रस्में संपन्न हुईं। नैनीताल से आए आचार्य केसी सुयाल ने कहा कि सनातन संस्कृति में वृक्ष पूजन और पर्यावरण संरक्षण जैसे आयोजन अन्य किसी संस्कृति में देखने को नहीं मिलते।

इस आयोजन पर लेखक और पर्यावरणविद हरीश जोशी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एकजुट करने में सहायक होते हैं और इससे विलुप्त होती परंपराएं भी पुनर्जीवित होती हैं। ये परंपरा हमारी संस्कृति में वर्षों पहले होती थी। संस्कृति को जीवित रखना और उसका पालन करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यह संस्कृति हमें सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से एकजुट रखती है। मूल संस्कृति को आज के समाज तक पहुंचाने का एकमात्र तरीका उसे मनाना है। आज का कार्यक्रम नई पीढ़ी के लिए एक उदाहरण पेश करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जंगलों में आग लगातार बढ़ रही है, उससे मानव जीवन का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा।

# सुबह-सुबह कोई भी गाना सुनने के बाद दिनभर क्यों गुनगुनाता रहता है इंसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : आपने अक्सर महसूस किया होगा कि अगर हमने सुबह-सुबह कोई गाना सुन लिया है तो वह सारा दिन हमारे दिमाग में नाचता रहता है और हम उसे दिनभर गुनगुनाते रहते हैं. फिर चाहे बीच में कितने भी गाने सुन लें, लेकिन जो गाना सुबह-सुबह दिमाग में चढ़ता है फिर उसका सुरूर रात तक नहीं उतरता है. उसकी धुन दिन भर ज़ुबान पर चढ़ी रहती है. क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसा क्यों होता है? इसके पीछे का कारण जानने के लिए वैज्ञानिकों ने रिसर्च किया और पता लगाने की कोशिश की कि क्या इसमें जुबान की कोई गलती है या हमारे कान की गलती है. इसके बाद पता चला कि ये दिमाग की एक खास फंक्शनिंग की वजह से होता है.



विज्ञान में एक शब्द होता है इयर वॉर्म्स . इस चीज के पीछे इयर वॉर्म्स ही काम करता है. ये हमारे दिमाग में काम करने वाला एक सेंस है, या ये कह लीजिए कि यह दिमाग में होने वाली खुजली है.इसे लेकर अमेरिका साइकोलॉजी एसोसिएशन जर्नल ने एक रिसर्च पेपर छापा. इस रिसर्च के अनुसार, किसी अलग धुन को याद रखना सबसे आसान काम है. इस पर रिसर्च के लिए Dartmouth University के रिसर्चर्स ने एक ही गाना कई लोगों को सुनाया. ये ऐसा गाना था, जो वह पहले भी सुन चुके थे. इसके बाद गाने को बंद कर दिया गया. इसके बाद इन लोगों का 'ऑर्डर की कॉर्टेक्स' वाला हिस्सा एक्टिव हो गया. जिन भी लोगों को यह गाना सुनाया गया. वह लगातार यह गाना गुनगुनाने लगे. बता दें कि दिमाग की खुजली की वजह से अगर कोई धुन सुरीली होती है, तो यह दिमाग में अटक ही जाती है. एक तरह से ऑडिटरी कॉर्टेक्स इंसान के दिमाग का ऐसा हिस्सा है, जो किसी बात को एक बार सुनने के बाद अलग तरह का रिएक्शन देता है. आपको जानकर दिलचस्प लगेगा कि 99 फीसदी लोग इस स्थिति के कभी न कभी शिकार जरूर हो चुके हैं.

# तालाब छोड़कर पंप के पानी का लिया सहारा

रुड़की। मवेशियों को गर्मी से राहत देने के लिए उन्हें तालाब के पानी में स्नान कराना अब बीते जमाने की बात होता जा रहा है। बदलते जमाने में अब पशुपालक पशुओं को नहलाने के लिए टुल्लू पंप का सहारा ले रहे हैं।गांव देहात में पहले बड़े-बड़े तालाब होते थे। गर्मी के सीजन में पशुपालक अपने पशुओं को गर्मी से निजात दिलाने के लिए उन्हें तालाब के पानी में स्नान कराते थे। मवेशी भी खूब मजे के साथ तालाब के पानी में स्नान करते थे और गर्मी शांत करने के बाद वापस लौटते थे। ग्रामीण ईश्वर सिंह बताते हैं कि पहले पशुपालकों के पास काफी संख्या में पशु होते थे जिन्हें तालाब में स्नान कराने के लिए घर के एक व्यक्ति की ड्यूटी लगी होती थी। कई-कई घंटे तक मवेशियों को स्नान कराया जाता था। पशुपालक सुधीर कुमार ने बताया अब पशुओं को नहलाने के लिए टुल्लू पंप का इस्तेमाल किया जाता है। कई बार समय पर बिजली नहीं आती है। जिससे मवेशी गर्मी से बेहाल रहता है। अब ज्यादातर गांव में तालाब नहीं है अगर है भी तो पशुपालक उन्हें तालाब में ले जाने से परहेज करते हैं। पशुपालक चंद्रपाल सिंह ने बताया कि दुधारू पशु तालाब में स्नान करते थे ऐसे में दुग्ध उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता था। अब गर्मी के सीजन में दुग्ध उत्पादन प्रभावित होने लगा है।

# जमीन की पैमाइश को लेकर हुए झगड़े में छह पर केस

रुड़की। खेती की जमीन की पैमाइश के दौरान रविवार को दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। बाद में एक पक्ष के छह लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर हमला कर दिया। हमले में एक महिला समेत चार लोग घायल हुए हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर खानपुर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।प्रहलादपुर निवासी कार्तिक पुत्र अशोक के फूफा प्रेम की खेती की जमीन नजदीकी हस्तमौली गांव के रकबे में है। इसमें कार्तिक का परिवार खेती करता है। बगल में प्रहलादपुर के सुशील की जमीन है। प्रेम ने पिछले दिनों अपनी जमीन कम होने की शिकायत करते हुए पैमाइश का प्रार्थनापत्र एसडीएम लक्सर को दिया था। एसडीएम के आदेश पर शनिवार को राजस्व टीम ने मौके पर जाकर पैमाइश की। गद लगाने के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, पर बाद में दोनों परिवार वापस आ गए। आरोप है कि देर शाम सुशील पक्ष ने अशोक के घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें अशोक, परिवार की बबीता, ऋतिक और योगेश घायल हुए। हमलावरों के भागने के बाद परिजन घायलों को अस्पताल ले गए। जहां योगेश की नाक की हड्डी टूटी हुई पाई गई। मेडिकल के बाद कार्तिक ने खानपुर थाने में तहरीर दी। एसओ मनोहर सिंह रावत ने बताया कि तहरीर पर सुशील, उसकी पत्नी उषा, बेटे दीपक, भाई नीटू, उसकी पत्नी ममता और उसके बेटे सुमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भागीरथी कला संगम ने अलकेश्वर घाट पर चलाया सफाई अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था भागीरथी कला संगम के सदस्यों ने रविवार को अलकेश्वर घाट पर सफाई अभियान चलाया।अभियान के दौरान घाट सहित अलकनंदा नदी तट की सफाई कर बड़ी संख्या में बिखरे प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन सहित अन्य कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने घाट पर घूमने आने वाले व आस पास रहने वाले लोगों को घाट में स्वच्छता बनाये रखने और गंदगी फैलाने वालों पर रोक लगाने की अपील की। स्थानीय लोगों से संस्था की पहल को सराहा।मौके पर संस्था के निदेशक मदन गडोई, मुकेश नौटियाल, दिनेश लिंगवाल, धर्मेंद्र, रवि पूरी, संजय कोठारी, भगत सिंह बिष्ट, गणेश काला आदि मौजूद थे।

### युवाओं को स्टार्ट-अप शुरू करने के लिए किया प्रोत्साहित

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विश्वविद्यालय की इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल की ओर से बिजनेस मॉडल कैनवस पर दो दिवसीय कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। कार्यशाला में युवाओं को स्टार्ट अप शुरू करने को प्रेरित किया। मौके पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट में डिजिटल टूल्स और प्लेटफॉर्म उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड के प्रो. विवेक श्रीवास्तव ने डिजिटल युग में बहुविषयी नवाचार और इंजीनियरिंग समाधानों पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने छात्रों को अपना खुद का व्यवसाय और स्टार्ट-अप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए आम जीवन की समस्याओं की खोज करने और उनके लिए व्यवहार्य आर्थिक समाधान प्रदान करने पर जोर दिया। कार्यशाला में गढ़वाल विवि के आईआईसी अध्यक्ष डॉ. राम कुमार साहू ने डिजिटल उद्यमिता में बिजनेस मॉडल कैनवास के महत्व पर जोर दिया। गढ़वाल विवि इंजीनियरिंग विभाग के डीन प्रो. एमपी थपलियाल ने पारंपरिक बिजनेस मॉडल पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. वरुण बर्थवाल ने व्यवसाय अनुकूलन और विकास के लिए आईटी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. कौशल कुमार और प्रो. शिव कुमार गुप्ता ने उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं और पारंपरिक बिजनेस मॉडल पर डिजिटल टूल्स के परिवर्तनकारी प्रभाव पर एक व्यावहारिक प्रस्तुति दी। मौके पर ज़ेडिटल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक मोहम्मद ज़ैद खान, मुकेश आर्या, प्रदीप राणा, छात्र निखिल गुप्ता, रवि कुमार, शिवम्‌ सिंह, अविनाश कुमार सिंह, सौरभ, सहेज मल्होत्रा, दिव्यांशी चौधरी मौजूद थे।

### टिहरी में आगामी 1 जून को स्वास्थ्य शिविर

नई टिहरी। नागरिक मंच नई टिहरी के प्रयासों से आगामी 1 जून को दुर्गा मंदिर नई टिहरी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल व महामंत्री जगजीत सिंह नेगी ने दी। बताया कि यह शिविर जुनून चैरिटेबल सोसायटी की ओर से आयोजित किया जायेगा। शिविर में 100 चिकित्सकों की टीम, जिसमें 25 विशेषज्ञ डाक्टर, 40 पैरामेडिकल स्टाफ व 35 सहायक मौजूद रहेंगे। शिविर में शुगर, हिमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, लिपिड, एचबीए वन सी, इसीजी, पीएफटी, बीएमडी, फाईब्रोस्केन, न्यूरोथेरेपी टेस्ट, एण्डोस्कोपी की जायेगी। इसके साथ ही अन्य गहन बीमारियों की जांच भी की जायेगी।

### अध्यक्ष नारायण और महामंत्री रमेश बने

नई टिहरी। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन मिनिस्ट्रीरियल कर्मचारी संघ टिहरी गढ़वाल की कार्यकारिणी को रविवार को भंग कर दिया गया। इसके बाद निर्विरोध नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए जिलाध्यक्ष नारायण सिंह रावत, महामंत्री रमेश सिंह, कोषाध्यक्ष गीता रावत, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रश्मि नेगी, प्रचार मंत्री कुशाल सिंह चौहान व संरक्षक सरस्वती सुयाल को चुना गया। यह जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी अमर सिंह रावत और सहायक निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह रावत ने दी।

# वाह क्या बात है, इस किसान के पास है खुद की ट्रेन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : लुधियाना के संपूर्ण सिंह भारत के इकलौते ऐसे नागरिक हैं जो एक ट्रेन के मालिक हैं. एक दिन वो अचानक दिल्ली से अमृतसर जाने वाली ट्रेन, स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस के मालिक बन गए जिसके बाद वो सुर्खियों में भी आ गए , जानिए आखिर ये चमत्कार कैसे मुमकिन हुआ। एक दौर था जब जब राजा-महाराजाओं के पास हाथी-घोड़े, पालकियां और सुविधाओं से जुड़े हर साधन हुआ करते थे. जब वक्त बदला, पूंजीवाद ने दुनिया में दस्तक दी, तब करोड़पति और अरबपति लोग ऐसी सुख सुविधाएं उठाने लगे. उनके पास अपने प्राइवेट जेट आ गए. भारत में भी कुछ लोग ऐसे हैं जिनके पास प्राइवेट प्लेन और करोड़ों की कारें हैं, पर क्या आपने भारत में किसी के पास प्राइवेट ट्रेन होते सुना है।

ऐसा नहीं सुना होगा क्योंकि भारत में रेलवे भारत सरकार के अधीन है, वो सरकारी संपत्ति है. पर एक व्यक्ति ऐसा जरूर है, जो इकलौता भारतीय है, जिसके पास एक ट्रेन है. वो रेलवे की एक बड़ी गलती की वजह से ट्रेन का मालिक बन गया और अब घर बैठे उस ट्रेन से होने वाली कमाई का हिस्सा लेता है।






हम जिस व्यक्ति की बात कर रहे हैं, उसका नाम संपूर्ण सिंह है और वो लुधियाना के कटाणा गांव के रहने वाले हैं. एक दिन वो अचानक दिल्ली से अमृतसर जाने वाली ट्रेन, स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस के मालिक बन गए। हुआ यूं कि लुधियाना-चंडीगढ़ रेल लाइन के बनने के वक्त साल 2007 में रेलवे ने किसानों की जमीन को खरीदा था। उस वक्त जमीन को 25 लाख रुपये प्रति एकड़ में अधिग्रहित किया गया था. पर मामला तब फंसा जब उतनी ही बड़ी जमीन नजदीक के गांव में 71 लाख रुपये प्रति एकड़ में अधिग्रहित की गई थी. ये बात संपूर्ण सिंह को समझ नहीं आई कि आखिर ऐसा क्यों किया गया।

इस बात से संपूर्ण सिंह आहत हुए और शिकायत लेकर कोर्ट पहुंच गए. कोर्ट ने जो पहला आदेश दिया उसमें मुआवजे की रकम 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख कर दी पर फिर उसे भी बढ़ाकर 1.47 करोड़ रुपये से ज्यादा कर दी. पहली याचिका 2012 में दायर की गई थी. कोर्ट ने 2015 तक उत्तरी रेलवे को भुगतान करने का आदेश दिया था. रेलवे ने सिर्फ 42 लाख रुपये दिये, जबकि 1.05 करोड़ रुपये नहीं चुकाया. इतने बड़े रुपये का भुगतान करने में रेलवे असमर्थ रही । रेलवे ने कोर्ट के आदेश को नहीं माना, जिसके बाद अदालत ने कुर्की के आदेश दिया और संपूर्ण सिंह ट्रेन संख्या 12030 के मालिक बन गए। हालांकि रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ने अदालत से इस ट्रेन को मुक्त करवाया लिया। ट्रेन कुर्क होने पर सैकड़ों यात्रियों को परेशानी होती। रिपोर्ट के मुताबिक आज भी ये मामला कोर्ट में चल रहा है। इस केस की अभी भी सुनवाई हो रही है।

# इन छोटे-छोटे बदलावों से दूर की जा सकती है नींद न आने की समस्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 27 मई : नींद हमारे जीवन का एक अनिवार्य पहलू है जो अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नींद के दौरान हमारा शरीर सेल्स और टिश्यूज को बनाने और उनकी मरम्मत करता है। नींद सेहत को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए बहुत ही जरूरी है। इसमें किसी भी तरह की बाधा कई गंभीर समस्याओं, जैसे- मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोग की वजह बन सकती है।



नींद की मात्रा और क्वालिटी दो अलग-अलग चीजें हैं। नींद की गुणवत्ता निर्धारित करती है कि आप कितनी अच्छी तरह सोते हैं, जबकि नींद की मात्रा निर्धारित करती है कि आप हर रात कितना सोते हैं। ResMed के स्लीप सर्वे 2023 के अनुसार, 58% भारतीय खर्राटों को अच्छी नींद का संकेत मानते हैं, वे इस तथ्य से अनजान हैं कि खर्राटे ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया (OSA) और अन्य नींद से जुड़ी कई समस्याओं का एक गंभीर लक्षण होता है। ये खतरनाक आंकड़े भारतीयों के बीच नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। ये चीजें आपकी नींद की क्वालिटी सुधारने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

नींद के अनुकूल वातावरण बनाने से आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिल सकती है। सोने से पहले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या स्क्रीन के इस्तेमाल न करें। फोन/टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी स्लीप हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन को बाधित कर सकती है, जो हमारे सोने-जागने के चक्र को नियंत्रित करता है। बेहतर नींद को बढ़ावा देने के लिए, नींद लाने वाली एक्टिविटी पर ध्यान दें, जिसमें-शाम को कमरे की रोशनी कम रखना, गर्म पानी से स्नान करना, किताबें पढ़ना, ध्यान या गहरी सांस लेने के व्यायाम का अभ्यास करना शामिल हैं।

## बहादराबाद में जमीन कब्जाने का प्रयास, केस दर्ज

हरिद्वार। पुलिस के मुताबिक महंत रविंद्र दास शिष्य महन्त स्व. राजेंद्र दास निवासी डेरा गद्दी ग्राम शांतरशाह ने शिकायत कर बताया कि वह डेरा गद्दी के महंत हैं। डेरे की भूमि पर तीन कमरे और चार दीवारी बनी हुई है। आरोप लगाया कि संपत्ति को जोगेंद्र दास निवासी आवास विकास रुड़की और विरेंद्र दास और उसकी पत्नी आशा निवासी इंजीनियर एनक्लेव मन्दिर के पास देहरादून कब्जा करने की फिराक में लगे हैं। आरोप लगाया कि 17 मई की सुबह तीनों जेसीबी से उनकी दीवार तोड़कर अंदर घुस आए। चौकीदार ने फोन पर इसकी जानकारी दी। तब वह मौके पर पहुंचे। आरोप है कि रोकने का प्रयास किया तो तीनों ने गाली गलौज शुरू कर दी।

## अव्यवस्था न फैले इसलिए वीआईपी दर्शन बंद है: अग्रवाल

हरिद्वार। कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा के सफल आयोजन के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। सचिव स्तर के अधिकारी यात्रा में कैंप कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा में अव्यवस्था न फैले, इसके लिए वीआईपी दर्शन पर फिलहाल रोक लगाई गई है। बताया कि चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। सभी श्रद्धालुओं को यात्रा मार्ग पर भोजन, पानी और ठहरने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर: प्रो. जोशी

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विवि, योग विज्ञान विभाग और इंडियन एसोसिएशन ऑफ योग के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को आयोजित ऑनलाइन योग संगोष्ठी में मुख्य अतिथि संस्कृत विवि आसाम के प्रो. प्रहलाद जोशी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। हमारे ऋषि-मुनियों की इस विद्या को संस्कृत के आलोक में जिस प्रकार ग्रहण किया जा सकता है अन्यत्र कहीं नहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने कहा कि योग वर्तमान समय की मांग है।

## बंद घर से चोरी कर भाग रहे एक युवक को पहचाना

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर महदूद में बंद पड़े घर में दो युवकों ने चोरी को अंजाम दिया। चोरी के बाद फरार होते समय मकान मालिक अचानक आ गए और उन्होंने एक आरोपी को पहचान लिया। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर रविवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक घटना 23 मई की है, जब सलेमपुर महदूद निवासी एजाज अहमद पुत्र मईजुद्दीन अपने परिवार के साथ दिल्ली गए थे। उसी रात परिवार को वहां छोड़कर जब तड़के घर पर पहुंचते तो दो युवक घर से सामान बांधकर ले जा रहे थे। उन्होंने यह देखकर शोर मचा दिया। जिस पर दोनों युवक सामान फेंककर भाग गए। एक आरोपी अमित उर्फ काला निवासी सलेमपुर को भागते हुए एजाज अहमद ने पहचान लिया। शिकायत के अनुसार घर की अलमारी से दो सोने की चेन, कुछ चांदी के सिक्के गायब मिले है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### एडी शहरी विकास ने चंबा में व्यवस्थायें देखी

नई टिहरी। शहरी विकास के सहायक निदेशक विनोद कुमार ने रविवार को चंबा नगर पालिका में चारधाम यात्रा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों के लिए तैयार की गई सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था और निकाय के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम के तहत यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। यात्रा रूटों को साफ-सुथरा रखने के साथ ही यात्रियों और पर्यटकों के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने को निर्देशित किया। सहायक निदेशक विनोद कुमार ने कहा कि पालिका सभी सार्वजनिक शौचालयों में भी साफ-सफाई व पानी की व्यवस्था भी रखे। यात्रा रूटों पर परसे कूड़े का समय से निस्तारण करना भी सुनिश्चित किया जाय। पालिका के ईओ आर्य ने सहायक निदेशक को पालिका की यात्रा तैयारियों की जानकारी दी।

### मसारना मोटर मार्ग बनाने की मांग की

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों ने रविवार वार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर थत्यूड़-मसारना मोटर मार्ग के निर्माण की मांग की है। सामजिक कार्यकर्ता विनोद सिंह राणा के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने प्रेषित ज्ञापन में बताया कि 10 किमी लंबे थत्यूड़-मसारना मोटर मार्ग बनने से ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। मार्ग बनने से थत्यूड़ से मसूरी की दूरी भी 19 किमी कम हो जाएगी। जिससे लोगों को समय और आर्थिकी की बचत होगी। साथ ही पर्यटक स्थल देसलसारी और नागटिब्बा की दूर भी घट जाएगी। सड़क बनने से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। ऐसे में सड़क निर्माण को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल कर कार्यवाह की जाए। ज्ञापन पर जिला पंचायत सदस्य अभिलाष कुमार, बीडीसी सदस्य छनाण गांव विनोद रावत, ग्राम प्रधान रीना, बीएस सजवाण आदि के हस्ताक्षर थे।

### लम्बगांव में कुत्तों के आतंक से लोग परेशान

नई टिहरी। नगर पंचायत लंबगांव में कुत्तों का आतंक बना हुआ है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने रविवार को नगर पंचायत को पत्र लिखकर कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। दो माह में लावारिस कुत्ते लगभग 6 लोगों को काट चुके हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष युद्धवीर राणा, दर्शन सिंह पोखरियाल, मदन सिंह आदि ने नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा। नगर पंचायत लंबगांव के ईओ कैलाश चंद्र सेमवाल का कहना है कि शिकायत को देखते हुए जल्द ही लावारिस कुत्तों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा

### शांता नदी से मलबा न हटा तो एक जून को धरना

नई टिहरी। बस स्टेशन देवप्रयाग में बनाये जा रहे पुल का मलबा पौराणिक शांता नदी से न हटाने को लेकर व्यापारी एक जून को देवप्रयाग तहसील मुख्यालय में धरना देंगे। व्यापारियों ने कहा है कि इस दौरान नगर पालिका परिषद में तालाबंदी भी की जाएगी। इसको लेकर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री धामी को ज्ञापन भी भेजा है।मलबा हटाने को लेकर पूर्व में राज्य आंदोलनकारियों ने डीएम टिहरी और एनजीटी को भी शिकायत दर्ज कराई थी। मगर एक महीना गुजर जाने के बाद भी शांता नदी से मलबा हटाने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। राज्य आंदोलनकारी विनोद टोडरिया ने रविवार को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर 1 जून को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन और नगर पालिका परिषद पर तालाबंदी और 8 जून को पुल निर्माण का कार्य बंद कराने की चेतावनी दी है।

### वर-वधु से करवाया पौधरोपण

नई टिहरी। पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित तीलू रौतेली पुरस्कार प्राप्त डा. सुलोचना सजवाण ने रविवार को एसी हटाओ, वृक्ष लगाओ अभियान की शुरुआत की। क्विली पट्टी के चाका क्षेत्र स्थित किराड़ा गांव निवासी डा. सुलोचना सजवाण ने टिहरी जिले में एक लाख से अधिक पौधे लगवाने का संकल्प लिया है। नव दंपतियों से हजारों पौधे लगवा चुकी डा. सुलोचना ने रविवार को ग्राम कलेथ जूवा पट्टी निवासी वर अमित मखलोगा और वधु ग्राम नाकुरी निवासी नीलम सहित बारातियों से विभिन्न प्रजाति के पौधों को लगवाया। मौके पर जयपाल मखलोगा, वीना भंडारी, सुंदर सिंह सजवाण, दिलीप रणावात, कुंवर सिंह गुसांई आदि यहां मौजूद रहे।

### यात्रा रूट में वाटर कूलर और हैंडपंप खराब

नई टिहरी। घनसाली बाजार में नगर पंचायत द्वारा लगाया गया वाटर कूलर बीते एक साल से खराब है। यह वाटर कूलर चारधाम यात्रियों की सुविधा के लिए डेढ़ लाख की लागत से लगाया गया था। जबकि जल संस्थान का हैंडपंप भी लंबे समय से खराब पड़ा है।स्थानीय निवासी कुशाल रावत ने बताया कि नगर पंचायत घनसाली का यह वाटर कूलर लगते ही खराब हो गया था।

## एसबीआई ने जीती बैंकर्स प्रीमियर लीग

देहरादून। बैंकर्स प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में एसबीआई की द मॉक एक्सवीआई टीम ने केनरा बैंक की केन इलेवन को तीन विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। आर्यन क्षेत्री एकेडमी में रविवार को फाइनल खेला गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि खेल जिंदगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए हम सभी को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में आठ राष्ट्रीय बैंकों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में रोहित उपाध्याय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकेश राठौड़ को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान, डा. नितेंद्र डंगवाल, पंकज असवाल, नमन अरोड़ा, अविनाश भट्ट, इरफान जैदी, जितेंद्र यादव, विजेंद्र सिंह कालूड़ा, प्रवीण शर्मा आदि मौजूद थे।

## अपलक कितनी रात बिताई, बच्चों ने कब जाना ?

चम्पावत। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक चेतना मंच ने मासांत काव्य गोष्ठी में कवियों ने स्वरचित रचनाएं पेश की। रविवार को श्री कूर्मांचल एंग्लो संस्कृत विद्यालय में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक डॉ.बी सी जोशी, लोहाघाट से आए कवि पुष्कर सिंह बोहरा, हिमांशु जोशी ने अपनी रचनाएं पेश की। युवा कवि दीपक जोशी ने कविता सुनाई।

# एनसीसी कैडेट चौहान का राष्ट्रीय फायरिंग कैंप के लिए चयन

बागेश्वर। राजकीय इंटर कॉलेज बनलेख के एनसीसी कैडेट पृथ्वीराज सिंह चौहान का चयन राष्ट्रीय फायरिंग कैंप के लिए हो गया है। चौहान को इस बात की सूचना 81 यूके बटालियन के सीओ कर्नल रवींद्र भंडारी ने दी है। कैडेट का प्रशिक्षण कैंप 31 मई से पिथौरागढ़ में शुरू होगा। कैडेट के चयन पर प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, लेफ्टिनेंट कुंदन कालाकोटी, सेकेंड ऑफिसर हरीश लटवाल, इंद्रेश कोरंगा आदि ने खुशी जताई है।


## चम्पावत जिले में 40 जल स्रोत चिन्हित किए

चम्पावत। चम्पावत में जल स्रोतों के संरक्षण की कवायद शुरू की गई है। जिले में 40 कम पानी वाले स्रोत चिन्हित किए गए हैं। डीएम ने इन सभी स्रोतों के संरक्षण के प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। इन स्रोतों का संवर्धन सारा योजना के तहत किया जाएगा। डीएम नवनीत पांडेय ने जलागम प्रबंधन के तहत सारा योजना की समीक्षा की। देहरादून से आई जलागम की संयुक्त निदेशक व नोडल अधिकारी मीनाक्षी जोशी ने सारा योजना की जानकारी दी। बताया कि योजना के तहत सूखने की स्थिति में आ रहे स्रोतों का संरवर्धन किया जाएगा। बताया गया कि जिले के चारों ब्लॉकों में 40 क्रिटिकल जल स्रोत चयनित किए गए हैं। बताया कि गंडक, लोहावती, लधिया व पनार व इसकी 20 सहायक नदियों को भी चिन्हित किया गया है। सारा योजना के तहत उद्गम स्थलों पर चाल खाल, रक्ती निर्माण के साथ ही पौधरोपण किया जाएगा।

## नबदिया बीसलपुर ब्रांच नहर में पेड़ में फंसा मिला मृत गुलदार

रुद्रपुर। सुरई रेंज में बहने वाली नबदिया बीसलपुर ब्रांच नहर में शनिवार को पेड़ में फसा हुआ गुलदार का शव मिला है। वन विभाग ने पोस्टमार्टम कर शव को नष्ट कर दिया ।शनिवार को वन विभाग की टीम गश्त पर थी की देर शाम सुरई रेंज के कक्ष संख्या 14 अ में बहने वाली नबदिया बीसलपुर ब्रांच नहर में पेड़ में फंसा एक मृत गुलदार का शव दिखाई दिया। इसकी सूचना वन विभाग के रेंजर आरएस मनराल को दी गई। गुलदार के शव को निकाल सुरई गेस्ट हाउस में सुरक्षित रख दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को वन विभाग के उच्चाधिकारी एसडीओ संचिता वर्मा, रेंजर आरएस मनराल की उपस्थिति में विभाग के पशु चिकित्सक डॉक्टर आयुष उनियाल और डॉक्टर हिमांशु पांगती की उपस्थिति में पीएम कर रेस्ट हाउस में ही शव नष्ट कर दिया गया।

# संपादकीय



## बदतर होती बेरोजगारी

एक डाटा सामने आया है कि मोदी सरकार ने अपने 10 साला कार्यकाल के दौरान 51.40 करोड़ रोजगार मुहैया कराए हैं। इसमें सरकारी नौकरियां, स्वरोजगार और निजी क्षेत्र में नौकरियां और दिहाड़ीदार रोजगार आदि शामिल हैं। डाटा के अर्थ हैं कि हर साल औसतन 5.14 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए गए। यह भी दावा है कि 43 करोड़ से अधिक लोगों को मुद्रा लोन दिए गए। जाहिर है कि वे भी रोजगार का एक हिस्सा हैं। सरकार की 12 परियोजनाओं के तहत 19.79 करोड़ रोजगार दिए गए। यदि यूपीए सरकार मनरेगा दिहाड़ी को रोजगार मानती थी, तो मोदी सरकार के दौरान ऐसे अवसरों को 'रोजगार' क्यों नहीं माना जा सकता। करीब 180 देशों में रोजगार का यही प्रारूप लागू है। यह भी दावा किया गया कि रोजगार की 3.35 फीसदी सालाना बढ़ोतरी दर दर्ज की गई है। इन दावों के विपरीत देश में बेरोजगारी का संकट बदतर होता जा रहा है। सरकारी आंकड़ा 6.7 फीसदी का बताया जा रहा है, लेकिन निजी सर्वेक्षण कंपनियों के निष्कर्ष हैं कि देश भर में, सभी धर्मों, समुदायों, जातियों, जमातों में बेरोजगारी का औसत 2023-24 के दौरान 8.03 फीसदी रहा है। रोजगार का यही औसत 37.18 रहा है। बहरहाल आम चुनाव के 6 चरणों में केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र जैसे सम्पन्न राज्यों से लेकर बिहार, ओडिशा, राजस्थान सरीखे अपेक्षाकृत गरीब राज्यों तक बेरोजगारी सबसे बड़ी गूंज रही है। मतदाता, रिपोर्टर, चुनाव विश्लेषक, जनमत सर्वेक्षणों और पार्टी कार्यकर्ताओं आदि ने यह मुद्दा महसूस किया और उठाया है। सीएसडीएस-लोकनीति के सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष सामने आया है कि 29 फीसदी से अधिक लोग बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा और संकट मानते हैं, लेकिन चुनाव इस मुद्दे पर नहीं लड़ा जा रहा, लिहाजा वे क्षुब्ध हैं। बेरोजगारी की यह निराशाजनक स्थिति कोई आश्चर्य नहीं है, क्योंकि भारत के युवा बेरोजगारी की समस्या लगातार झेलते रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद यह समस्या बढ़ी और बदतर हुई है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के ताजा डाटा के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में बेरोजगारी दर, 15-29 आयु वर्ग में, 17 फीसदी रही है। सरकारी डाटा से यह करीब तीन गुना ज्यादा है। इस आयु-वर्ग में दहाई में बेरोजगारी का संकट पिछले कई सालों से गहराता जा रहा है। दरअसल अवैतनिक काम बढ़ रहा है, गैर-श्वेत कॉलर के काम (हुनरमंद श्रम) घट रहे हैं, स्वरोजगार एक अंतिम विकल्प है, उसमें भी कम आय वर्ग वालों को घाटा ही हो रहा है। असल दिहाड़ी भी मिलना मुश्किल है। यह स्थिति तब है, जब औसतन 50 लाख लोग सालाना कार्यबल में शामिल हो रहे हैं। भारत की औसतन रोजगार दर, बीते आठ सालों के दौरान, 5.6 फीसदी गिरी है। श्रम बल भागीदारी दर के मद्देनजर देखें, तो सवर्णों में हिंदुओं की भागीदारी दर सबसे कम है। ओबीसी और अनुसूचित जातियों, जो दो सबसे बड़ी कामकाजी उम्र की आबादी हैं, उनमें सबसे तेज गिरावट देखी गई है। बेरोजगारी के कई बुनियादी कारण हैं। सबसे बड़ा कारण तो यही है कि सरकारी नौकरियां बेहद सीमित हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## 73 ने छोड़ी प्रयोगशाला सहायक की परीक्षा

बागेश्वर। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में यहां प्रयोशाला सहायक व विधि विज्ञान प्रयोग शाला समूह ग की परीक्षा आयोजित की गई। 73 लोगों ने परीक्षा नहीं दी। विक्टर मोहन जोशी स्मारक राइंका बागेश्वर में बने परीक्षा केंद्र में रविवार की सुबह दस बजे से परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा के लिए कुल 153 लोगों ने आवेदन किया था, लेकिन 80 लोग ही परीक्षा में शामिल हुए। 73 लोगों ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशीने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है।

## कक्षा दस के छात्र ने की खुदकशी

बागेश्वर। झिरोली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत बोहाला निवासी कक्षा दस के छात्र ने सल्फास खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेककर पंचनामा भरा।

जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार काफलीगैर तहसील के बोहाला निवासी 16 साल के राजेश अस्वाल पुत्र बलबीर अस्वाल ने शनिवार की रात सल्फास खा लिया।

हालत बिगड़न पर परिजन रात में ही उसे जिला अस्पताल लाए, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद एसआई संजय वृजवाल दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। रविवार को शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने पोस्टमार्टम किया। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

एसआई बृजवाल ने बताया प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मामले की जांच शुरू हो गई है। परिजनों के अनुसार मृतक राइंका बोहाला में कक्षा दस में पढ़ता था। पढ़ाई को लेकर ही उसने यह कदम उठाया है। वह गुस्सैल किस्म का छात्र था। मृतक के पिता गांव में ही समोसे व चाय की ठेली लगाकर चार बच्चों का भरण पोषण करते हैं। राजेश छोटा बेटा था। अब एक बेटा और दो बेटियों की जिम्मेदारी उन पर है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

# संक्षिप्त खबरें

## गोपेश्वर में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 8 को

चमोली। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में 8 और 9 जून को उत्तर प्रदेश उत्तराखण्ड आर्थिक परिषद एवं सामाजिक आर्थिक विकास अध्ययन परिषद के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के संयोजक अर्थशात्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शिव कुमार लाल ने बताया कि भारत से विकसित तकः अवसर एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में नामी अर्थशास्त्री जुटेंगे। दो दिन तक चलने वाले विभिन्न सत्रों में लगभग 50 शोधपत्र पढ़े जायेंगे। सम्मेलन में प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र को पुरस्कृत किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कुलदीप नेगी ने बताया कि प्रस्तावित सम्मेलन की पूरी तैयारियां की जा चुकी हैं।

## हरीश पुजारी ने की बदरीनाथ सीट पर चुनाव लड़ने की दावेदारी

चमोली। भाजपा के वरिष्ठ नेता हरीश पुजारी ने आगामी विधानसभा उपचुनाव में बदरीनाथ सीट से पार्टी हाईकमान के सम्मुख अपनी दावेदारी पेश की है। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि वे पिछले 50 सालों से पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए आवाज उठा रहे हैं। वर्ष 1988 में जनसंघ समर्थित जनता दल के उम्मीदवार के रूप में उन्होंने कर्णप्रयाग विधानसभा से रेल लाईन के लिए आवाज उठाई थी और उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में पर्वतीय क्षेत्र के लिए आरक्षण, निशुल्क बिजली के लिए प्रयास किया। इसके अलावा 2012 के विधानसभा चुनाव में कर्णप्रयाग सीट से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे।

## झमाझम बारिश से गर्मी में मिली राहत

चमोली। रविवार को दोपहर बाद कर्णप्रयाग और आसपास के क्षेत्रों में बारिश आने से लोगों को राहत मिली। सुबह से गर्मी के बाद शाम चार बजे तेज हवाएं चली और फिर बारिश आते ही स्थानीय लोगों सहित बदरीनाथ और हेमकुंड यात्रा पर पहुंचे श्रृद्धालु खुशी से झूम उठे। इस दौरान तीर्थयात्री कर्णप्रयाग में रूके और उन्होंने कर्ण मंदिर और उमा देवी मंदिर में पहुंचकर दर्शन किए। वहीं, बारिश आने के बाद काश्तकारों ने को भी राहत मिली है। दिनेश थपलियाल, गोपी डिमरी, सतेंद्र पुंडीर, आलम पंवार, कैलाश खंडूड़ी आदि का कहना है कि बारिश से फसलों और सब्जियों को पानी मिलने से हरियाली लौटेगी। साथ ही पिछले दिनों जल चुके जंगलों में नए पौधे उगेंगे। प्रेमनगर और बस स्टेशन में नालियां चोक होने पर पानी घरों की तरफ आने से भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।।

## दीपक अध्यक्ष और शिवदयाल बने मंत्री

पौड़ी। उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन की रविवार को खिर्सू में बैठक हुई। बैठक में जिला कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को हल करना प्राथमिकता बताया।रविवार को आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का गठन करते हुए दीपक बिजल्वाण अध्यक्ष, शिवदयाल भंडारी जिलामंत्री, प्रदीप रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भरत रावत संगठन मंत्री, शशिभूषण भटट कोषाध्यक्ष, कल्पेश्वर बर्तवाल प्रवक्ता, सुनील बिष्ट संप्रेक्षक, वीरेंद्र नेगी संरक्षक चुने गए। कार्यकारिणी में नवीन कठैत, विनोद चमोली, उपेंद्र पंवार सदस्य चुने गए।

## मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने समस्याओं पर मंथन किया

पौड़ी। एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन की पौड़ी शाखा की बैठक का रविवार को अपर निदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय में आयोजन किया गया। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर मंथन किया ।बैठक में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जल्द पदोन्नति का लाभ देने, वित्तीय प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण, लंबित स्थायीकरण प्रकरणों का निराकरण करने, शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन करने की मांग उठाई। साथ ही मुख्य प्रशासनिक अधिकारी(राजपत्रित) को आहरण एवं वितरण अधिकारी का प्रभार देने, 15 दिनों के उपार्जित अवकाश की स्वीकृति के लिए संस्थाध्यक्ष प्रतिनिधायन लागू करने की मांग भी उठाई। बैठक में जिलाध्यक्ष सुबोध ध्यानी, सचिव देवेंद्र कंडारी, संरक्षक हरेंद्र सिंह नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक रावत, उपाध्यक्ष अमरीश कुमार, संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह रावत, रजनी बाला, अजय सिंह रावत, अनन्या डबराल, अनिल नौटियाल, अजय पटवाल, हिमांशु भारद्वाज, अनंत पाल, विनोद सिंह नेगी, गौरव नवानी आदि शामिल थे।

## अवैध शराब के साथ एक धरा

पौड़ी। थाना थलीसैंण पुलिस ने शनिवार की देर शाम को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 2 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष सुनील पंत ने बताया कि चेकिंग के दौरान भगत सिंह को 2 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम में अंकित कुमार, मनूराम शामिल थे।

## शराब की ओवर रेटिंग पर व्यापारियों में रोष

बागेश्वर। व्यापार मंडल ने नगर में मांस बिक्रेताओं को चेतावनी दी है। उन्हें झटका, हलाल आदि मांस के बारे में उपभोक्ताओं को जानकारी देनी होगी। जिसके लिए वह दुकान के बाहर से साफ शब्दों में लिखवाएंगे। शराब की ओवर रेटिंग पर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया। पंजीकृत दुकानों की मनमानी नहीं रुकने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बाननाथ परिसर में रविवार को व्यापार मंडल की बैठक में अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष कवि जोशी ने कहा कि शराब की पंजीकृत दुकानों में ओवररेटिंग आम है। आबकारी विभाग सुध नहीं ले रहा है। कई बार शिकायत की गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। उपभोक्ता परेशान हैं। जिला प्रशासन को मनमानी रोकनी होगी। मांस बिक्रेता मूल्य सूची चस्पा नहीं कर रहे हैं। झुला पुल की मरम्मत अभी तक नहीं हो सकी है। पुल संचालित नहीं होने से व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। व्यापार संघ नगर में अतिक्रमण को लेकर न्यायालय जाएगा। अतिक्रमण मुंहबाएं खड़ा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि निर्वाचित पदाधिकारी यदि तीन बैठकों में लगातार उपस्थित नहीं होंगे तो उन्हें जिला कार्यकारिणी सभी दायित्वों से मुक्त करेगी। बैठक में राहुल साह, खुशाल सिंह दानू, राजा चौधरी, इंदु चौधरी, पंकज पांडे, अनिल कार्की, गोविंद जगाती, कैलाश गढ़िया, नीरज रावत, अमित रस्तोगी आदि उपस्थित थे।

## कपकोट के जैकुनी में आग लगने से एक कमरा जलकर राख

बागेश्वर। तहसील के ग्राम पंचायत बाछम के जैकुनी तोक में रविवार की सुबह आठ बजे रघुवर सिंह, प्रताप सिंह पुत्रगण कुंदन सिंह के दो मंजिले आवासीय मकान में अचानक आग लग गई। आग से मकान का एक कमरा जलकर नष्ट हो गया है 1 इस अग्निकांड में किसी तरह की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई है। घर के अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया है।

# हरिद्वार की ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में लगी आग, दमकल की चार गाड़ियों ने पाया काबू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार,27, मई गर्मियों की शुरुआत होते ही आग लगने की खबरें मिलने लगी हैं।हरिद्वार के बहादराबाद औद्योगिक क्षेत्र की ट्रांसफार्मर बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में प्रोडक्शन वर्क चल रहा था। अचानक आग लगने की खबर से फैक्ट्री में अफरा तफरी मच गई। कुछ ही पलों में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार यूनिट ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। मौके पर पहुंची रानीपुर पुलिस ने भी जमा भीड़ को नियंत्रित कर व्यवस्था को संभाला।

**वेल्डिंग की चिंगारी से लगी आग**

आग लगने के दौरान फैक्ट्री में तमाम ट्रांसफार्मर रखे हुए थे जिसके चलते आग तेजी से भड़क उठी। घटना के वक्त मौजूद लोगों के अनुसार वेल्डिंग का कार्य चल रहा था जिससे निकली चिंगारी के चलते आग लगी। दमकल विभाग के अनुसार जांच के बाद ही आग लगने के कारणों का पता चलेगा।



## पेयजल किल्लत से जूझ रहे मारखमग्रांट के लोग

ऋषिकेश। विकासखंड डोईवाला के मारखमग्रांट में पेयजल किल्लत से क्षेत्रवासी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों में पेयजल निगम के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने समस्या दूर नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।मारखम ग्राट ग्राम सभा के वार्ड नंबर 3 में कई दिनों से पेयजल की किल्लत चल रही है। जबकि कुछ माह पूर्व ही यहां नई पेयजल लाइन बिछाई गई और उपभोक्ताओं को कलेक्शन दिए गए। नई पेयजल लाइन में कनेक्शन होने के बाद से यहां क्षेत्रवासी ज्यादा परेशान हैं। क्योंकि क्षेत्र में लो प्रेशर की समस्या बनी हुई है। शहीद उधम सिंह पार्क के आगे कंबोज बस्ती और अन्य घरों में जिनकी संख्या करीब 100 से अधिक होगी, पेयजल की किल्लत ज्यादा है। ग्रामीणों ने कहा कि इस बाबत और अवर अभियंता अंजलि पवार और निगम की अधिशासी अभियंता कंचन रावत से कई बार लाइन दुरुस्त कराए जाने को लेकर ग्रामीणों ने संपर्क साधा है, लेकिन अभी तक पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाई है। ग्रामीण विजय कुमार, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, मनोज कांबोज, राजकुमार, प्रवेश कुमार, धर्मेंद्र कांबोज आदि ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पेयजल न मिलान उपभोक्ताओं के साथ नाइंसाफी है। यदि सोमवार तक पेयजल जल लाइन दुरुस्त कर व्यवस्था ठीक नहीं की गई, तो ग्रामीण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## हमे मर्यादा की शिक्षा देती है श्रीराम कथा: मुरलीधर महाराज

ऋषिकेश। कथा मर्मज्ञ मुरलीधर ने कहा कि श्री राम कथा हमें मर्यादा की शिक्षा प्रदान करती है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे, उनके जीवन का अनुशरण सभी को करना चाहिए। रविवार के परमार्थ निकेतन में आयोजित 34 दिवसीय श्रीराम कथा के आज 12 वें दिन कथा व्यास संत मुरलीधर ने प्रभु श्रीराम व माता सीता के विवाह का अद्भुत प्रसंग सुनाना।उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा में चाहे गुरू हो या फिर शिष्य माता-पिता हो या पुत्र, पति-पत्नी या फिर भाई-भाई सब एक-दूसरे के मन की गति को जान लेते हैं इसलिये तो मानस कथा को मर्यादा पुरुषोत्तम की कथा कहा गया है। इस कथा में शिष्य अपनी उन्नति का आधार अपने गुरु को मानते हैं, तो गुरु भी अपने शिष्य के पुरुषार्थ को स्वीकार करते हैं। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि भावनाओं से ही हमारी सृष्टि को नूतन स्वरूप प्राप्त होता है। मां गंगा के तट पर इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना भावनाओं का ही संसार है। मन्दिर में प्रतिमा होती है, पूजा होती है और पुजारी होते हैं परन्तु वास्तव में इसके पीछे का भाव देखना है तो हमें रामकृष्ण परमहंस के व्यक्तित्व में देखना होगा, जहां पर मां और प्रतिमा में कोई अन्तर नहीं रह जाता। इस दौरान स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कथा व्यास संत मुरलीधर को रुद्राक्ष का पौधा भेंट कर हरित कथा का संदेश दिया।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समर कैंप का शुभारंभ

ऋषिकेश। संस्कार सृजन स्कूल ढालवाला में रविवार को दस दिवसीय समर कैंप की शुरूआत हुई। वक्ताओं ने समर कैंप की महत्ता के बारे में बताया। नन्हें-मुन्हें बच्चों ने सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समर कैंप का भारंभ निर्मल ज्ञानदान अकादमी की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा, श्री भारत मंदिर इंटर कॉलेज के प्रवक्ता जयकृत रावत, क्रीड़ा भारती नगर अध्यक्ष दिनेश पैन्यूली ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. सुनीता शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को नए कौशल सीखने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और आत्मविश्वास विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, शिविर में भाग लेने से बच्चों को सामाजिक कौशल में भी सुधार होता है और वे नए दोस्त बनाने में सक्षम होते हैं। दिनेश पैन्यूली ने कहा कि कहा कि संस्कार सृजन स्कूल हमेशा से ही बच्चों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से विधालय बच्चों को हर बार एक नया मंच प्रदान करते हैं,जहां वे अपने अंदर छुपी प्रतिभाओं को उजागर कर सकते हैं। संस्कार सृजन स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता पंवार ने कहा कि यह समर कैंप 4 जून तक चलेगा,जिसमें नगर के 200 नौनिहाल शिरकत कर रहे हैं। इस दौरान कई गतिविधियों में बच्चों को शरीक होने का अवसर मिलेगा। पहले दिन शिविर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें खेल, कला और शिल्प, संगीत, नृत्य, योग और कई शैक्षिक कार्यक्रम शामिल रहे। मौके पर शेर सिंह थापा, हिमांशु पंवार, अमन पंवार, जयकृत सिंह रावत, काजल पंवार, सतपाल थलवाल, निवेदिता, रितु, योगिता, सुमन, लवली जैन, रेनू मटेला आदि उपास्थित रहे।

### हाईरिस्क यात्रियों को यात्रा न करने की दें सलाह: डीएम

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने शनिवार को यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि स्वास्थ्य के नजरिये से हाईरिस्क यात्रियों को स्क्रीनिंग केंद्र पर जांच कराकर ही आगे की यात्रा करनी चाहिए। इसके बावजूद भी आगे की यात्रा जारी रखने पर ऐसे यात्रियों की सूचना अगले चेकपोस्ट और हेल्थ फैसिलिटी को देकर उनकी निरंतर निगरानी की जाय।

### यमुनोत्री में दो श्रद्धालु यमुना नदी से सुरक्षित बाहर निकाले

उत्तरकाशी। यमुनोत्री में रविवार सुबह महिला यात्री जल भरते समय पैर फिसलने से यमुना नदी गिर गई। करीब 20 मीटर तक बही यात्री को वहां ड्यूटी पर तैनात फायर कर्मी राजेंद्र और नरेंद्र सिंह ने जान जोखिम में डालकर सुरक्षित बाहर निकाला। राजकोट गुजरात की रहने वाली रश्मि बहन पटेल ने नदी से सुरक्षित बाहर निकाले जाने पर जवानों का आभार जताया। वहीं रविवार को यमुनोत्री हाईवे पर कुथनौर के पास अलीगढ़ यूपी निवासी सुरेश चन्द्र का पैर फिसलने के कारण यमुना नदी में गिर गया। जिसकी सूचना लोगों ने कंट्रोल रुम में नियुक्त कर्मचारियों को दी। एसडीआरएफ की यूनिट ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से यात्री को सुरक्षित रेस्क्यू किया।

### 10 हजार ग्रामीण गर्मी में बिजली कटौती से परेशान

हरिद्वार। बहादराबाद ब्लॉक में ऊर्जा निगम के उपसंस्थान सहदेवपुर से रोजाना हो रही अघोषित बिजली कटौती के कारण ग्रामीण परेशान हैं। को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। उपसंस्थान सहदेवपुर पर उपकेंद्र बहादराबाद से बिजली की आपूर्ति की जाती है। उपसंस्थान पर ऊर्जा निगम के करीब पांच हजार उपभोक्ता है। चार फीडर पर उपसंस्थान से बिजली की सप्लाई होती है। ग्रामीण राकेश कुमार, हिमांशु, विकास, नरेंद्र, विजय कुमार आदि ने बताया कि सहदेवपुर उपसंस्थान पर अत्यधिक लोड होने की वजह से दिन और रात में कई दफा बिजली की सप्लाई ठप हो जाती है।

### निकाय चुनाव: सभी पदों पर उक्रांद लगेगा चुनाव

हरिद्वार। हरिद्वार की जिला कार्यकरिणी में प्रदीप कुमार को उपाध्याय, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह रावत और एड्वोकेट अनिरूद्ध तावनी को बनाया गया। जिला महामंत्री तरुण जोशी को हरिद्वार जिला कार्यालय प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व दिया गया। जिला मंत्री रजत शर्मा, जिला प्रचार मंत्री हेमंत बिष्ट, जिला संगठन मंत्री सुधीर रावत और जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति-जनजाती राजकुमार को बनाया गया है। रुड़की की जिला कार्यकरिणी में जिला कार्यकारी अध्यक्ष राव सलीम खान, जिला उपाध्यक्ष हैदर अली, जिला प्रवक्ता यतेन्द्र सैनी, महानगर रुड़की का नगर अध्यक्ष राकेश चौहान को बनाया गया। निकाय चुनाव 2024 के लिए हरिद्वार महानगर और रुड़की की प्रभारी सरिता पुरोहित ने हरिद्वार महानगर का प्रभारी प्रदीप कुमार उपाध्याय, सहप्रभारी तरुण जोशी, रुड़की महानगर का प्रभारी संजीव वाल्मीकि, सहप्रभारी यतेन्द्र सैनी को बनाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### बहेड़ा उपकेंद्र पर डाक्टर की मांग की

नई टिहरी। चंबा के देवरी मल्ली के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बालेंदु उनियाल ने डीएम से सामुदायिक स्वास्थ्य उपकेंद्र बहेड़ा में नियमित डाक्टर की तैनाती की मांग की है। साथ ही पर्याप्त दवाओं के भंडारण की मांग भी उठाई है। पत्र के माध्यम से डीएम मयूर दीक्षित को उनियाल ने बताया कि बहेड़ा में डॉक्टर और दवाओं का अभाव होने के चलते ग्रामीणों को इलाज के लिए चंबा या अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए बहेड़ा उपकेंद्र में डाक्टर की तैनाती व दवाओं की व्यवस्था की जाय।

### हुक्का पीते तीन युवकों के हुए चालान

रुद्रप्रयाग। गौरीकुंड हाईवे पर फाटा के पास सड़क किनारे हुक्काबाजी कर रहे 3 युवकों को पुलिस ने पकड़कर चालानी कार्रवाई की। साथ ही युवकों को भविष्य में धार्मिक स्थलों और यात्रा मार्ग में ऐसा कृत्य न करने की हिदायत दी। केदारनाथ धाम के साथ ही सड़क या पैदल मार्ग पर भी पुलिस की कड़ी नजर है। चौकी फाटा क्षेत्र में गस्त और भ्रमण के दौरान पुलिस ने सड़क किनारे हरियाणा के तीन युवकों को हुक्का पीते पकड़ा। चौकी प्रभारी फाटा दिनेश सिंह सती के नेतृत्व में पुलिस ने यहां के महत्व और उनके द्वारा किए गए गलत आचरण को याद दिलाया। जिस पर युवकों ने माफी मांगते हुए ऐसा कृत्य नहीं करने की हामी भरी।

### अनियोजित विद्युत आपूर्ति से कई गांवों में हुई मुश्किलें

रुद्रप्रयाग। बीते कई दिनों से धनपुर, रानीगढ़ और तल्लानागपुर के करीब तीन दर्जन गांवों में बिजली की अनियोजित आपूर्ति हो रही है। जिससे ग्रामीणों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हल्की सी आंधी तूफान आने पर बिजली ठप हो रही है। कभी आपूर्ति सुचारू हो रही है तो लो वोल्टेज की समस्या बनी है। ग्रामीणों ने शीघ्र विद्युत निगम से क्षेत्र में आपूर्ति सुचारू करने की मांग की है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अब्बल आने पर सीईओ ने किया सम्मानित

रुद्रप्रयाग। जनपद के अव्वल आए छात्रों और एस्कॉर्ट को मुख्य शिक्षा अधिकारी पीएस बिष्ट ने रविवार को सम्मानित किया। उन्होंने अन्य छात्रों को भी इन होनहार छात्रों से प्रेरणा लेने को कहा है।उत्तराखंड राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिलकर रहना सीखो विषय पर संवाद किया गया। बाल भवन तरला आमवाला ननूरखेड़ा देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य के तेरह जनपदों ने प्रतिभाग किया। रुद्रप्रयाग ने चार प्रतियोगिताओं में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मधु वेरी द्वारा आयोजित की गई जिसमें जूनियर वर्ग में कुमारी प्रिया राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोट तल्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और सीनियर वर्ग में पुष्पा मानस द्वारा आयोजित अपने साथी को जानों प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज ग्वेफड ने प्रथम एवं राइका सिद्धसौड़ परविंदर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में राबाइका रुद्रप्रयाग से कुमारी सारिका बुटोला ने निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया 1

### मदमहेश्वर मार्ग अकतोलीधार से गौंडार के बीच क्षतिग्रस्त

रुद्रप्रयाग। पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर पैदल मार्ग में अकतोलीधार से गौंडार गांव तक निर्माणाधीन सड़क के चलते पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है। इससे यात्रियों के साथ ही क्षेत्रीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे हैं। बीते दिन इस समस्या को देखते हुए उद्योग व्यापार मंडल ऊखीमठ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### केदारनाथ में गंदगी करने पर 32 लोगों का कटा चालान

रुद्रप्रयाग। नगर पंचायत ने रविवार को केदारनाथ धाम में गंदगी करने पर 32 दुकानदार और लोगों का चालान कर उनसे 5900 रुपये अर्थदंड वसूला गया। केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थयात्रियों को साफ स्वच्छ वातावरण मिले। इसके लिए धाम में लगातार सफाई व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। नगर पंचायत केदारनाथ प्रतिदिन विशेष स्वच्छता अभियान चला रही है ताकि किसी तरह गंदगी न रहे।

### अच्छे अंक लाने पर छात्रों को किया सम्मानित

चमोली। एसडी इंटर कॉलेज सिवाई में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर बोर्ड परीक्षा में राज्य पात्रता सूची में स्थान पाने वाले हाईस्कूल और इंटर के छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा सम्मान के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 22 छात्र सम्मानित हुए। रेलवे निर्माण कार्यों में लगी डीबीएल कंपनी के उपप्रबंधक द्वारा विद्यार्थियों को ट्राफी एवं नकद धनराशि प्रदान की गई। मौके पर प्रधानाचार्य हर्षवर्धन खाली, शिक्षक कुशलानंद मैठाणी, राजेंद्र बहुगुणा, सुमन तोपाल उपस्थित थे।